जीवेश नन्दन प्रमुख सचिव		अर्द्ध शा0 प0 सं0-2/1550/78-2-2013-29आई.टी./2013 उत्तर प्रदेश शासन आई.टी. एवं इले. अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 30 सितम्बर, 2012

प्रिय महोदय,

कृपया प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 30.07.2013 को ई-सुविधा परियोजना की अद्यावधिक स्थिति एवं अन्य जनपदों में विस्तारीकरण हेतु सम्पन्न बैठक का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें ई-सुविधा परियोजना को गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, एवं गोरखपुर जनपदों में विस्तार करने पर, लखनऊ में कार्यरत आउटसोंस मॉडल पर सर्वसम्मति से सहमति दी गयी। बैठक में, उक्त जनपदों, ऊर्जा विभाग एवं नगर विकास विभाग की सहभागिता की अनियर्वाता पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की गयी। इस सम्बन्ध में, आपके विभागीय स्तर से जारी किए जाने वाले शासनादेश का आलेख संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि कृपया अपने स्तर से शासनादेश निर्गत करने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(जीवेश नन्दन)

श्री संजय अग्रवाल
प्रमुख सचिव
ऊर्जा विभाग
उत्तर प्रदेश।

http://shasanadesh.up.nic.in